# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–17 नवम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

सउदी अरब के मदीना में, हैदराबाद के उमराह जायरीन को ले जा रही एक बस भारतीय समय के अनुसार बीती रात डेढ़ बजे के करीब डीजल टैंकर से टकरा गई। इस हादसे में बयालीस लोगों की मौत हो गई। बस में पैंतालीस यात्री सवार थे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनकी संवेदनाएं मृतकों के परिवार और प्रियजनों के साथ हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

**********

सोनभद्र हादसे में मृतकों की संख्या पांच हो गई है। पंद्रह नवम्बर को दोपहर बाद खदान धंसने से वहां कई मजदूर दब गये थे जिनके बचाव के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। ऑपरेशन के दौरान कल एक मजदूर का शव मिला था। सोनभद्र के जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि आज चार और शव मिले हैं। अंतिम समाचार मिलने तक वहां पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था।

**********

दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला विस्फोट के आरोपी आमिर राशिद अली को दस दिन की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए की हिरासत में भेज दिया है। एक रिपोर्ट–

***उमर मुहम्मद नबी के साथ साजिश रचने के आरोपी कश्मीर निवासी अली को आज दिल्ली की एक अदालत में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने एनआईए की हिरासत में पूछताछ की अर्जी स्वीकार कर ली। एनआईए ने कल अली को गिरफ्तार किया था। हमले में इस्तेमाल की गई कार इसी के नाम पर पंजीकृत थी। उसे दिल्ली में एक व्यापक तलाश अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। इस मामले में उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में जाँच और छापेमारी की कार्रवाई जारी है। समाचार कक्ष प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। वहां के मेधावी छात्र–छात्राओं को उपाधि एवं मेडल देने के बाद मुख्यमंत्री ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई आज की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से एआई के संचालन के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की अपील की।

***हमारे डे टूडे के कार्यों में एक पत्र भी ड्रॉफ्ट करना है तो एआई आपके लिए उपयोगी हो सकता है। बहुत उपयोगी हो सकता है। और मुझे लगता है कि यह आज की आवश्यकता है। लेकिन याद रखना वह आपके द्वारा ही संचालित हो, आप उसके द्वारा संचालित न हों। कोई भी तकनीक होनी चाहिए वह मनुष्य के द्वारा ही संचालित होनी चाहिए, मनुष्य उसके द्वारा संचालित न होने लग जाए। उस खतरे से हमे अभी बचने की आवश्यता है।***

**********

सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज पदयात्रा निकाली गयी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना भी इसमें शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार सरदार वल्लभभाई पटेल के कृतित्व को याद करते हुए उनकी एक सौ पचासवीं जयंती को भव्य तरीके से मना रही है। इसी के तहत विभिन्न स्थानों पर पदयात्राएं निकाली जा रही है।

**********

अयोध्या में पचीस नवम्बर को प्रस्तावित ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियां तेज होने लगी हैं। इस अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई विशिष्ट अतिथियों के आने का कार्यक्रम है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिले के विभिन्न अस्पतालों में पचास बेड आरक्षित किए हैं। अयोध्या के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुशील कुमार बनियान ने आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शहर में बाइस नवम्बर से ही पंद्रह प्रमुख स्थानों पर अस्थायी उपचार केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इन सभी केन्द्रों पर चौबीस घंटे चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी तैनात रहेंगे।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ बाइस सितम्बर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***नए जीएसटी सुधारों ने किसानों, उपभोक्ताओं और उद्योगों को बड़ी राहत प्रदान की है। ये सुधार आवश्यक क्षेत्रों में कर की दरों को कम करके खरीदारों के लिए वस्तुओं को अधिक किफायती बना रहे हैं और व्यापारियों के मुनाफे को बढ़ा रहे हैं। घी, मक्खन और आइसक्रीम जैसे उत्पादों पर अब पांच प्रतिशत कर लगाने से इन पदार्थों की खरीदारी में बढोतरी हुई है। वहीं, शहद और संबंधित उत्पादों पर कर घटाकर पांच प्रतिशत करने से ग्रामीण आजीविका को भी मजबूती मिल रही है। नए जीएसटी सुधारों का उद्देश्य ग्रामीण आय में वृद्धि, स्थानीय उद्योगों को मजबूती और उपभोक्ताओं के लिए सामर्थ्य बढ़ाना है। आदित्य के साथ, अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

रामपुर के एमपी एमएलए कोर्ट ने दो पैन कार्ड मामले में आज पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां और उनके बेटे एवं पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को सात–सात साल की सजा सुनाई। इस मामले में पचास हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

**********

मौसम विभाग ने कल सुबह के समय प्रदेश में कहीं कहीं हल्के कोहरे की संभावना जताई है।

**********